# अध्याय 17: धर्म और रीति-रिवाज

हांगकांग का मूल कानून धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिससे विभिन्न धर्मों के लोग सौहार्दपूर्वक सह-अस्तित्व में रह सकते हैं। विभिन्न धर्मों पर निम्नलिखित जानकारी, जिसे 17 नवंबर 2023 तक अद्यतन किया गया था, हांगकांग इयरबुक से ली गई है।

## बुद्ध धर्म

बौद्ध धर्म हांगकांग में प्रचलित प्रमुख धर्मों में से एक है, यहां जिसके लगभग दस लाख अनुयायी हैं और 400 से अधिक मंदिर हैं, जिनमें से कुछ तो 700 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं।

स्थानीय बौद्ध समूह लंबे समय से सामाजिक कल्याण और शिक्षा में सहायता करते रहे हैं। उदाहरण के लिए, हांगकांग बौद्ध एसोसिएशन की स्थापना 1945 में की गई थी और इसका उद्देश्य बौद्ध शिक्षा और संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना है, साथ ही जनता को धर्मार्थ सेवाएं प्रदान करना है, जिसमें युवा और वृद्ध दोनों के लिए चिकित्सा और सामान्य देखभाल शामिल है।

## ताओ धर्म

ताओवाद चीन का एक स्वदेशी धर्म है जिसका इतिहास 2,000 वर्ष पुराना है। हांगकांग में इसके एक मिलियन से अधिक अनुयायी हैं और 300 से अधिक ताओवादी मठ और मंदिर हैं।

1961 में प्रमुख मंदिरों के प्रतिनिधियों द्वारा स्थापित हांगकांग ताओवादी एसोसिएशन, ताओवादी धर्मग्रंथों और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक, सांस्कृतिक और धर्मार्थ गतिविधियों का आयोजन करता है। मार्च के दूसरे रविवार को आयोजित होने वाला वार्षिक ताओवादी दिवस, देवता ताइशांग लाओजुन या लाओजी के जन्मदिन का जश्न मनाता है, जिनके बारे में ताओवादियों का मानना है कि वे ताओवाद के संस्थापक और *ताओ ते चिंग* के लेखक हैं, जो चौथी शताब्दी ईसा पूर्व का मुख्य ताओवादी ग्रंथ है।

## कन्फ्यूशीवाद

कन्फ्यूशियनिज्म प्राचीन चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस से प्राप्त धार्मिक, नैतिक और दार्शनिक शिक्षाओं का एक समूह है जो परंपरा और संस्कारों के महत्व पर जोर देता है। कन्फ्यूशियस संस्थानों की पहल के माध्यम से इन मूल्यों को स्थानीय प्राथमिक, माध्यमिक और विश्वविद्यालय शिक्षण में शामिल किया गया है। अन्य स्थानीय कन्फ्यूशियस संगठनों में हांगकांग कन्फ्यूशियस एसोसिएशन और कन्फ्यूशियस हॉल शामिल हैं।

कन्फ्यूशियसवाद का प्रमुख त्यौहार कन्फ्यूशियस के जन्मदिन पर मनाया जाता है, जो चंद्र कैलेंडर के अनुसार आठवें महीने के 27वें दिन पड़ता है। अकादमी मध्य शरद ऋतु महोत्सव के अगले दिन कन्फ्यूशियस दिवस मनाती है, जिसे सरकार द्वारा मान्यता और समर्थन प्राप्त है। एक अन्य मुख्य पर्व चौथे चंद्र मास के दूसरे दिन प्राचीन चीनी दार्शनिक मेन्कियस का जन्मदिन है।

## ईसाई धर्म

ईसाई समुदाय की संख्या लगभग 1.3 मिलियन है, जिनमें से अधिकांश प्रोटेस्टेंट और रोमन कैथोलिक हैं। ग्रीक, रूसी और कॉप्टिक ऑर्थोडॉक्स चर्च भी हांगकांग में मौजूद हैं।

### *प्रोटेस्टेंट समुदाय*

स्थानीय प्रोटेस्टेंट आंदोलन 1841 में शुरू हुआ। हांगकांग क्रिश्चियन काउंसिल और शोध संस्थानों द्वारा किए गए सर्वेक्षणों के अनुसार, अब लगभग 70 संप्रदायों और 400 से अधिक स्वतंत्र चर्चों में लगभग 1,040,000 पंजीकृत सदस्य हैं। लगभग 1,300 कांगग्रगेशन (भक्तगण) चीनी भाषा बोलते हैं। इनमें स्वदेशी संप्रदाय जैसे चीन में चर्च ऑफ क्राइस्ट (प्रेस्बिटेरियन और कांग्रेगेशनल परंपराओं का प्रतिनिधित्व); हांगकांग शेंग कुंग हुई; मेथोडिस्ट चर्च, हांगकांग; ट्रू जीसस चर्च और स्थानीय चर्च (द लिटिल फ्लॉक) शामिल हैं। चर्चों के बीच सहयोग हांगकांग क्रिश्चियन काउंसिल और हांगकांग चाइनीज क्रिश्चियन चर्च यूनियन द्वारा सुगम बनाया जाता है।

860 से अधिक पैरा-चर्च एजेंसियां प्रोटेस्टेंट समुदाय की जरूरतों को पूरा करती हैं और आपातकालीन राहत और विकास परियोजनाओं का समर्थन करती हैं।

***रोमन कैथोलिक समुदाय***

हांगकांग में रोमन कैथोलिक चर्च की स्थापना 1841 में एक मिशन के रूप में की गई थी और 1946 में इसे एक धर्मप्रांत का दर्जा दिया गया। हांगकांग के कैथोलिक धर्मप्रांत के अनुसार, लगभग 395,000 कैथोलिक हैं, जिन्हें 52 पैरिशों (पादरी का इलाका) में 279 पादरी, 98 ब्रदर्स और 419 सिस्टर्स सेवाएं प्रदान करते हैं। इन पैरिशों में 39 चर्च, 28 चैपल और 24 हॉल हैं, जहां कैंटोनीज़ भाषा में धार्मिक सेवाएं प्रदान की जाती हैं; पैरिशों के पाँच में से तीन हिस्सों में अंग्रेजी और कुछ में तागालोग (फिलिपिनो भाषा) में भी सेवाएं प्रदान करता है। इस धर्मप्रांत की अपनी प्रशासनिक संरचना है, तथा यह पोप और विश्व भर के अन्य कैथोलिक समुदायों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखता है।

## इसलाम

हांगकांग के इस्लामिक कम्युनिटी फंड के निगमित न्यासियों (ट्रस्टियों) के अनुसार, हांगकांग में अनुमानतः 300,000 मुसलमान हैं।

सभी स्थानीय इस्लामी गतिविधियों का समन्वय न्यासियों (ट्रस्टियों) द्वारा किया जाता है, जो एक परोपकारी (चैरिटी) संस्था का गठन करते हैं तथा सभी पांच मस्जिदों, दो कब्रिस्तानों और एक किंडरगार्टन का प्रबंधन करते हैं। वे अंतिम संस्कार की व्यवस्था करते हैं, रमजान सहित त्योहारों की तारीखों की घोषणा करते हैं, तथा हांगकांग और मेनलैंड के कुछ हिस्सों में हलाल खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करते हैं और प्रमाण पत्र जारी करते हैं।

स्थानीय चीनी मुसलमानों का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से चीनी मुस्लिम सांस्कृतिक और फ्रटर्नल एसोसिएशन द्वारा किया जाता है, जो एक कॉलेज, दो प्राथमिक विद्यालय और दो किंडरगार्टन संचालित करता है।

सबसे पुरानी मस्जिद मिड-लेवल्स में स्थित जामिया मस्जिद है, जिसका निर्माण 1849 में हुआ था और 1915 में इसका पुनर्निर्माण किया गया था, जिसे 2022 में स्मारक घोषित किया गया। वान चाई में आठ मंजिला मस्जिद अम्मार और उस्मान रामजू सादिक इस्लामिक सेंटर में एक पुस्तकालय, एक क्लिनिक, एक कैंटीन और एक किंडरगार्टन है। विशिष्ट सफेद संगमरमर से परिसज्जित कोवलून मस्जिद और इस्लामिक सेंटर, एक ऐतिहासिक स्थल है और स्थानीय मुसलमानों की वास्तविक पहचान को दर्शाता है। इसकी क्षमता 3,500 है और प्रतिवर्ष लगभग दस लाख उपयोगकर्ता इसका उपयोग करते हैं। स्टेनली मस्जिद स्टेनली जेल के अंदर है, जबकि चाई वान मस्जिद केप कॉलिन्सन में है। कब्रिस्तान हैप्पी वैली और केप कॉलिन्सन में हैं।

## हिन्दू धर्म

भारत, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड और अन्य दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के 100,000 हिंदू समुदाय की धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां हैप्पी वैली स्थित हिंदू मंदिर में केंद्रित हैं, जिसका प्रबंधन और रखरखाव हांगकांग हिंदू एसोसिएशन करता है। श्रद्धालु इस मंदिर का उपयोग ध्यान, आध्यात्मिक व्याख्यान, योग कक्षाओं और अन्य सामुदायिक गतिविधियों के लिए करते हैं तथा दिवाली, दशहरा, होली, गणेश चतुर्थी, चेती चाँद और हनुमान पूजा जैसे प्रमुख त्योहारों को मनाने के लिए भी करते हैं। वे हिंदू रीति-रिवाजों और विवाह अध्यादेश के अनुसार सगाई और विवाह समारोह भी करते हैं। अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं में अंतिम संस्कार का प्रबंधन, दाह संस्कार और संबंधित अनुष्ठानों की व्यवस्था करना तथा केप कॉलिन्सन में हिंदू श्मशान घाट का रखरखाव करना शामिल है।

मंदिर में प्रत्येक रविवार सुबह भक्ति संगीत सत्र और धार्मिक प्रवचन आयोजित किए जाते हैं, जिसके बाद सोमवार शाम को निःशुल्क सामुदायिक भोजन भी परोसा जाता है।

## सिख धर्म

हांगकांग के पहले सिख 19वीं सदी में ब्रिटिश सैन्य बलों के हिस्से के रूप में भारत के पंजाब से आये थे। पहला सिख गुरुद्वारा, श्री गुरु सिंह सभा, क्वीन्स रोड ईस्ट, वान चाई में 1901 में बनाया गया था और बाद में इसका नाम बदलकर खालसा दीवान हांगकांग सिख टेम्पल कर दिया गया। पुनर्विकास के बाद नवंबर 2023 में इसे फिर से खोला गया

और इसमें दो प्रार्थना कक्ष, एक निःशुल्क रसोईघर और भोजन कक्ष, निजी समारोह कक्ष, सेमिनार हॉल, एक डिजिटल लाइब्रेरी और एक कार पार्क की सुविधा है।

खालसा दीवान, एक पंजीकृत धर्मार्थ संगठन है जो गुरुद्वारे का प्रबंधन करता है, तथा विदेशी आगंतुकों के लिए लंगर (निःशुल्क भोजन) और अल्पकालिक आवास की व्यवस्था सहित स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान करता है।

खालसा दीवान का अनुमान है कि हांगकांग में लगभग 12,000 सिख हैं। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के अनुयायी प्रतिदिन सुबह और शाम धार्मिक सेवाओं में भाग लेते हैं, तथा रविवार और प्रमुख सिख पवित्र दिनों पर वहां एकत्र होते हैं। उनकी सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक तिथियां गुरु नानक देव जी और गुरु गोबिंद सिंह जी (10वें गुरु) के जन्मदिन और वैसाखी (सभी सिखों के लिए खालसा दिवस और खालसा स्थापना दिवस) हैं।

## यहूदी धर्म

हांगकांग में यहूदी समुदाय 1840 के दशक से है और इसमें दुनिया के विभिन्न भागों से आये परिवार शामिल हैं। यहां इनके तीन मुख्य सभास्थल हैं - ओहेल लीह सिनगॉग (यहूदी उपासनागृह) (रूढ़िवादी) जो दैनिक, सब्बाथ और त्यौहार सेवाएं प्रदान करता है; यूनाइटेड जूइश कांगग्रगेशन ऑफ हांगकांग (रिफार्म) जो सब्बाथ और त्यौहार सेवाएं प्रदान करता है, दोनों ही मिड-लेवल में और मैकडोनेल रोड में एक ही चबाड लुबाविच परिसर साझा करते हैं।

## अन्य धर्म

बहाई धर्म और पारसी धर्म उन अन्य धर्मों में से हैं जो कई वर्षों से हांगकांग में स्थापित हैं।